मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-444
04/12/2019

मुख्यमंत्री ने जल–जीवन–हरियाली अभियान से संबंधित समीक्षा बैठक की

पटना, 04 दिसम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) के डॉ0 राधाकृष्णन भवन समाहरणालय सभागार में जल–जीवन–हरियाली अभियान से संबंधित समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में सार्वजनिक कुंओं, चापाकल, आहर, पईन के जीर्णोद्धार, नलकूपों, कुंओं एवं चापाकल के किनारे सोख्ते का निर्माण, जल संरक्षण संरचना, छोटी–छोटी नदियों, नालों, पहाड़ी क्षेत्रों में चेकडैम एवं जल संचयन के अन्य संरचनाओं का निर्माण, नए जल स्रोतों का सृजन, सरकारी भवनों में छत वर्षा जल संचयन, पौधशाला सृजन, सघन वृक्षारोपण, जैविक खेती एवं टपकन सिंचाई, सौर ऊर्जा उपयोग को प्रोत्साहन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही समीक्षा बैठक में ऊर्जा की बचत, हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली नालियाँ, राज्य में बची सभी संपर्क विहीन बसावटों को पक्की सड़कों से जोड़ना, शौचालय निर्माण घर का सम्मान, बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम, ऊर्जा विभाग (वित्तीय वर्ष 2019–20) की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गयी। समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने–अपने क्षेत्र की समस्याओं एवं शिकायतों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा, जिसके शीघ्र समाधान के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

बैठक के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फसल कटाई के लिए जिन 4 कृषि यंत्रों को अनुदानित दर पर किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है, उसे अधिक से अधिक प्रचारित करें ताकि खेतों में फसल अवशेष जलाने की जो परम्परा शुरू हुई है, उस पर पूरी तरह से पाबंदी लगाई जा सके। खेतों में फसल अवशेष जलाने से न केवल पर्यावरण संकट उत्पन्न होता है बल्कि इससे प्रदूषण भी बढ़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह देखना जरूरी होगा कि खेतों में फसल अवशेष जलाने का सुझाव बाहर से कंबाइंड हार्वेस्टर लाने वाले लोग ही कहीं किसानों को तो नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वी चंपारण में कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग के प्रति लोगों को आकर्षित करें। कई जगहों पर दिन के वक्त भी बेवजह स्ट्रीट लाइट और सड़कों के किनारे लाइट जलती रहती है, उसे नियमित रूप से दिन के वक्त बंद रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में शामिल सभी जनप्रतिनिधियों से 19 जनवरी 2020 को जल–जीवन–हरियाली अभियान एवं नशामुक्ति के पक्ष में और बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ बनने वाली मानव श्रृंखला में शामिल होने का आग्रह किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से अपने–अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को मानव श्रृंखला में शामिल होने के लिए प्रेरित करने की भी अपील की।

समीक्षा बैठक में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री सह मोतिहारी जिले के प्रभारी मंत्री श्री विनोद नारायण झा, कला, संस्कृति मंत्री श्री प्रमोद कुमार, सहकारिता मंत्री श्री राणा रणधीर सिंह, सांसद श्री संजय अग्रवाल, विधायक श्री राजू तिवारी, विधायक श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह, विधायक डॉ0 राजेश कुमार, विधायक श्री लाल बाबू गुप्ता, विधायक श्री रामचन्द्र सहनी,

विधायक डॉ0 अजय कुमार, विधान पार्षद श्री केदारनाथ पाण्डेय, विधान पार्षद श्री सतीश कुमार, विधान पार्षद श्री वीरेंद्र नारायण यादव, विधान पार्षद श्री खालिद अनवर, विधान पार्षद श्री बबलू गुप्ता, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, संबंधित विभागों के एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त श्री पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, चंपारण प्रक्षेत्र के पुलिस उप–महानिरीक्षक श्री ललन मोहन प्रसाद, जिलाधिकारी श्री रमन कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री उपेंद्र शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******